Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide stoppage of all Konkan bound trains at Bhandup Railway Station in Maharashtra-laid.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र मुंबई नॉर्थ – ईस्ट (महाराष्ट्र) के लोगो को कोंकण जाने में होने वाली परेशानी की ओर दिलाना चाहता हूँ । भांडुप और आसपास के इलाके में बहुत सारे कोंकण वासी रहते है । इनकी काफी लंबे समय से मांग है कि भांडुप स्टेशन पर कोंकण जाने वाली ट्रेनो को अवश्य स्टोपेज़ दिया जाए । इसका कारण है कि मांडवी एक्सप्रेस सुबह प्रात 7:10 मिनट पर मुम्बई सी.एस.टी. से छूटती है और अगला स्टॉपेज थाने में 7:56 मिनट पर पहुँचती है । इस कारण इन लोगो को सी.एस.टी. जाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है । थाना अलग जिला होने के कारण वहाँ भी इस ट्रेन को पकड़ पाने में काफी मुश्किलो का सामना करना पड़ता है । सुबह के समय इस मार्ग पर लोकल ट्रेनो का आवागमन कम होता है एवं थोड़ा परिवर्तन करते हुए इस गाड़ी को ट्रैक नम्बर 5 में चलाया जा सकता है इससे लोकल ट्रेन का समय भी बचेगा और इस ट्रेन को भाण्डुप स्टेशन पर रोका जा सकेगा ।

मेरा माननीय रेल मंत्री से निवेदन है कि कोंकण वासियो के कल्याण के लिए कोकण जाने वाली सभी ट्रेनो को भांडुप स्टेशन पर अवश्य रूप से स्टॉपेज दिया जाए जिससे मुम्बई उत्तर पूर्व जिले के लोगो के साथ साथ जोगेश्वरी और दहिसर जहाँ कोंकण के लोग काफी बड़ी संख्या में बसते है उन्हे भी लाभ मिल सके । कोंकण जाने वाली एक और प्रमुख ट्रेन कोंकणकन्या एक्सप्रेस जो रात 11 बजे चलती है उसे भी इस स्थान पर रोका जाना चाहिए । इस लम्वित मांग पर माननीय रेल मंत्री अतिशीघ्र फैसला लेंगे, ऐसा हमें विश्वास है ।